# राजनीतिक दान पर कर रियायतों में वृद्धि

## प्रिलिम्स के लिये:

कर रियायतें, आयकर अधिनियम, 1961, राजनीतिक दल, कंपनी अधिनियम, 2013, चुनावी बॉण्ड योजना

## मेन्स के लिये:

भारत में राजनीतिक दान के लिये कर रियायतों के प्रभाव, राजनीतिक दान का विनियमन

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों ?

नवीनतम वित्तीय डेटा **राजनीतिक दलों को दिये जाने वाले दान** के लिये प्रदान की जाने वाली कर रियायतों **में उल्लेखनीय वृद्धि** दर्शाता है, जिसमें सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 4,000 करोड़ रुपए दिये हैं।

- यह वृद्धि कर कटौती के माध्यम से चुनावी फंडिंग की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती है और कर रियायतों में वृद्धि राजनीतिक वित्त में व्यापक बदलाव एवं राजकोषीय नीति के लिये इसके निहितार्थों को दर्शाती है।

## राजनीतिक दान पर कर रियायतें क्या हैं?

- **परिचय:** कर रियायत किसी विशिष्ट समूह या **संगठन को चुकाए जाने वाले कर की राशि में कमी** या कर प्रणाली में बदलाव है जो उन्हें लाभ पहुँचाता है।
  - भारत में, आयकर अधिनियम, 1961 के तहत राजनीतिक दान पर कर रियायतें प्रदान की जाती हैं।
  - **आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80GGB,** भारतीय कंपनियों को राजनीतिक दलों या चुनावी ट्रस्टों को दिये गए योगदान के लिये कटौती का दावा करने की अनुमति देती है।
  - हालाँकि, नकद में किये गए दान कटौती के लिये पात्र नहीं हैं। **आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80GGC, व्यक्तियों, फर्मों और अन्य गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं पर लागू** होती है।
    - चेक, खाता हस्तांतरण या चुनावी बॉण्ड के माध्यम से किये गए दान पर कटौती लागू होती है।
  - **आयकर अधिनियम** के अनुसार, राजनीतिक दल को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29A के तहत पंजीकृत दल माना जाता है।
- **कुल कर रियायतें:** वित्त वर्ष 2022-23 में, राजनीतिक दलों को दिये गए दान के लिये कुल कर रियायतें लगभग 3,967.54 करोड़ रुपए थीं।
  - सत्र 2021-22 में, कर रियायतें 3,516.47 करोड़ रुपए थीं, जो पिछले वित्त वर्ष से 13% की वृद्धि दर्शाती हैं।
- **इन कटौतियों का राजस्व प्रभाव: सत्र 2014-15 से, राजनीतिक दान पर कर रियायतों का कुल राजस्व प्रभाव लगभग 12,270.19 करोड़ रुपए तक पहुँच गया है।**
  - सत्र 2022-23 में, कर रियायतों में से 2,003.43 करोड़ रुपए धारा 80GGB के तहत कॉर्पोरेट करदाताओं द्वारा दिये गए दान से आए।
  - धारा 80GGC के तहत व्यक्तियों द्वारा दावा की गई कटौती 1,862.38 करोड़ रुपए थी।

## कर रियायतों में वृद्धि के क्या निहितार्थ हैं?

- **बढ़ती चुनावी फंडिंग: राजनीतिक दान के लिये बढ़ती कर रियायतें चुनावी वित्तपोषण में बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती हैं, जो यह सुझाव देती हैं कि राजनीतिक दल निगमों और व्यक्तियों से मिलने वाले योगदान पर अधिक निर्भर हो रहे हैं।**
  - यह **राजनीतिक निर्णय लेने में** शक्ति और प्रभाव के संतुलन को संभावित रूप से बदल सकता है।
- **पारदर्शिता की आवश्यकता: राजनीतिक दान में वृद्धि के साथ, राजनीतिक प्रक्रिया पर जवाबदेही सुनिश्चित करने और अनुचित प्रभाव को रोकने के लिये राजनीतिक वित्तपोषण में अधिक पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता है।**
  - रियायतों में तेज़ वृद्धि सार्वजनिक वित्त पर प्रभाव और राजनीतिक वित्तपोषण नीतियों में संभावित सुधारों की आवश्यकता के बारे में सवाल

उठाती है।

- **राजस्व हानि:** बढ़ी हुई कर रयियतें सरकारी राजस्व में महत्त्वपूर्ण कमी ला सकती हैं। यह **सार्वजनकि सेवाओं और बुनियादी ढाँचा परयिोजनाओं** को नधिि देने की सरकार की क्षमता को प्रभावति कर सकती हैं।
- **बाज़ार वकिृतियाँ:** अत्यधकि रयियतें बाज़ार वकिृतियाँ उत्पन्न कर सकती हैं, कुछ क्षेत्रों या कंपनयिों को दूसरों पर तरजीह दे सकती हैं, जसिसे अक्षमताएँ हो सकती हैं।
- **सतत् वकिास:** जबकि कर रयियतें अल्पकालकि वकिास को बढ़ावा दे सकती हैं, उन्हें दीर्घकालकि राजकोषीय स्थरिता के साथ संतुलति करने की आवश्यकता है। **रयियतों पर अत्यधकि नरि्भरता कर आधार और राजकोषीय स्थति को कमज़ोर कर सकती है।**

## भारत में राजनीतकि दान पर क्या नयिम हैं?

- **जनप्रतनिधित्वि अधनियिम, 1951:** जनप्रतनिधित्वि अधनियिम, 1951 की धारा 29B राजनीतकि दलों को सरकारी कंपनयिों और वदिेशी स्रोतों को छोड़कर कसिी भी व्यक्ति या कंपनी से स्वैच्छकि योगदान स्वीकार करने की अनुमति देती है।
- **कंपनी अधनियिम, 2013:** कंपनी अधनियिम, 2013 की धारा 182 भारतीय कंपनयिों को कसिी राजनीतकि पार्टी को कोई भी राशि दान करने की अनुमति देती है, जसिके लयिे बोर्ड द्वारा प्राधकिरण, गैर-नकद भुगतान एवं कंपनी के लाभ व हानि (P&L) खाते में प्रकटीकरण जैसी शर्तें हैं।
- **आयकर अधनियिम, 1961:** भारतीय कंपनयिाँ और व्यक्ति धारा 80GGB एवं 80GGC के तहत राजनीतकि दलों या चुनावी ट्रस्टों को दयिे गए दान पर कर कटौती के लयिे पात्र हैं।
- **वदिेशी अंशदान (वनियिमन) अधनियिम, 2010 (FCRA): जनप्रतनिधित्वि अधनियिम, 1951 और FCRA राजनीतकि दलों को 'वदिेशी स्रोत' से दान स्वीकार करने से रोकते हैं,** लेकनि अनुमत सीमा तक वदिेशी नविेश वाली भारतीय कंपनयिों को अब **'वदिेशी स्रोत'** नहीं माना जाता है तथा वे अब **कंपनी अधनियिम, 2013** के तहत राजनीतकि योगदान दे सकती हैं।
- **चुनावी बॉण्ड योजना:** वर्ष 2018 में शुरू की गई चुनावी बॉण्ड योजना दानकर्त्ताओं को गुमनाम रूप से राजनीतकि दलों को दान देने की अनुमति देती है। बॉण्ड अधकिृत बैंकों के माध्यम से खरीदे जाते हैं और 15 दनिों के लयिे वैध होते हैं।
  - फरवरी 2024 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से चुनावी बॉण्ड योजना और संबंधति संशोधनों को असंवैधानकि करार देते हुए फैसला सुनाया कि यह योजना **सूचना के अधकिार का उल्लंघन** करती है।

## आगे की राह

- **कर रयियतों की समीक्षा: राजनीतकि दान पर कर रयियतों के ढाँचे पर पुनर्वचिार करने से यह सुनश्चिति करने में मदद मलि सकती है कि वे व्यापक राजकोषीय नीतयिों के साथ संरेखति हों और सरकारी राजस्व पर अनुचति प्रभाव न डालें।**
  - कटौतयिों पर उचति सीमाएँ नर्धिारति करना और राजनीतकि वत्तिपोषण के लयिे वैकल्पकि तंत्रों की खोज करना वत्तिपोषण प्रणाली की स्थरिता को बढ़ा सकता है।
- **सार्वजनकि वत्तिपोषण:** यह राजनीतकि दलों और उम्मीदवारों को चुनावी प्रक्रयिा में उनकी भागीदारी को सुवधािजनक बनाने के लयिे सरकारी वत्तिीय सहायता को संदर्भति करता है, जसिसे नजिी दान पर नरि्भरता एवं नहिति स्वार्थों के संभावति प्रभाव को कम कयिा जा सके।
  - कई देश पछिले चुनाव प्रदर्शन, सदस्यता शुल्क और नजिी दान जैसे वभिन्नि मानदंडों के आधार पर राजनीतकि दलों को सार्वजनकि वत्तिपोषण प्रदान करते हैं। सएिटल जैसी कुछ जगहों ने "लोकतंत्र वाउचर" के साथ प्रयोग कयिा है, जहाँ पात्र मतदाताओं को अपने चुने हुए उम्मीदवारों को दान करने के लयिे वाउचर मलिते हैं।
- **बढ़ी हुई पारदर्शता:** चुनावी बॉण्ड के माध्यम से दयिे गए दान सहति सभी राजनीतकि दानों का व्यापक खुलासा अनविार्य कयिा जाए तथा राजनीतकि वत्ति पर कड़ी नगिरानी के लयिे एक स्वतंत्र आयोग की स्थापना की जाए।

***[illegible]:***

***[illegible]:*** भारत में राजनीतकि दान के लयिे कर रयियतों के रुझानों पर चर्चा कीजयिे। ये रुझान राजनीतकि वत्ति परदिृश्य और राजकोषीय नीति को कैसे प्रभावति करते हैं?

## यूपीएससी सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

### ***[illegible]***

**प्रश्न . भारत में काले धन के सृजन के नम्निलखिति प्रभावों में से कौन-सा भारत सरकार की चति का प्रमुख कारण है?**

(a) स्थावर संपदा के क्रय और वलिासतियुक्त आवास में नविेश के लयिे संसाधनों का अपयोजन
(b) अनुत्पादक गतविधियिों में नविेश और जवाहरात, गहने, सोना इत्यादि का क्रय
(c) राजनीतकि दलों को बड़े चंदे एवं क्षेत्रवाद का वकिास
(d) कर अपवंचन के कारण राजकोष में राजस्व की हानि

**उत्तर:(d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/perspective-india-s-forex-reserves-hit-record-high-1